वैचारिक प्रतिबद्धता के चलते विशाल वटवृक्ष बनी भाजपा : शर्मा

जयपुर (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ कार्य करने वाला दल है, जहां राष्ट्र के बाद दल और फिर व्यक्ति का स्थान आता है। वे भाजपा प्रदेश कार्यालय, जयपुर में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा में प्रशिक्षण एक सतत प्रक्रिया है और यही उसकी वैचारिक शक्ति का आधार है। एक विचार को लेकर चलने वाला यह राजनीतिक दल आज देशभर में वटवृक्ष के रूप में स्थापित हो चुका है। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ता में दायित्व बोध से व्यक्तित्व निर्माण होता है और व्यक्तित्व निर्माण से राष्ट्र निर्माण को बल मिलता है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने

कहा कि 21 अक्टूबर 1951 को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नेतृत्व में भारतीय जनसंघ की स्थापना राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से हुई।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे महापुरुषों के विचारों से प्रेरित यह विचारधारा आगे बढ़ी। आपातकाल के बाद 1980 में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई और आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में स्थापित है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचने का आह्वान करते हुए कहा कि अधिकारों से अधिक कर्तव्य बोध आवश्यक है। भाजपा राजनीतिक कार्यों के साथ सामाजिक दायित्वों को भी प्राथमिकता देती है। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि केंद्र और राज्य सरकारें सदैव जनहित में कार्य करती रहेंगी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भाजपा में प्रशिक्षण का उद्देश्य राष्ट्र के सर्वांगीण विकास में प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना है। बूथ से राष्ट्रीय स्तर तक विभिन्न चरणों में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में प्राप्त पाथेय को जिला, मंडल और बूथ स्तर तक पहुंचाना सभी पदाधिकारियों की जिम्मेदारी है।

अभियान के राष्ट्रीय सह-संयोजक एवं खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने बताया कि 7 मार्च से 15 अप्रैल तक देशभर में प्रशिक्षण महाभियान चलाया जाएगा। प्रदेश स्तर के बाद जिला, मंडल एवं बूथ स्तर पर कार्यशालाएं आयोजित होंगी। साथ ही मोर्चा, प्रकोष्ठ, विभाग, जनप्रतिनिधि, मीडिया और सोशल मीडिया स्तर पर भी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य पार्टी की वैचारिक प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करना, कार्य पद्धति में सिद्धांत आधारित आचरण विकसित करना, पार्टी के इतिहास और विकास की जानकारी देना, सक्षम कार्यकर्ताओं का निर्माण करना तथा राष्ट्रीय चुनौतियों और नैरेटिव के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यशाला में विधायक अजय महावर, प्रदेश महामंत्री मिथिलेश गौतम एवं अभियान की प्रदेश सह-संयोजक संतोष अहलावत सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

मंत्रिमंडल ने मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट आर्थिक मामलों की समिति ने आज रेल मंत्रालय की लगभग 9,072 करोड़ रुपये की तीन परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं में शामिल हैं। गोंडिया-जबलपुर दोहरीकरण, पुनारख-किउल तीसरी और चौथी लाइन, गम्हरिया-चांडिल तीसरी और चौथी लाइन, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, बिहार और झारखंड राज्यों के 8 जिलों को कवर करने वाली इन तीन परियोजनाओं से भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 307 किलोमीटर की वृद्धि होगी। प्रस्तावित मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना से लगभग 5,407 गांवों की कनेक्टिविटी बढ़ेगी, जिनकी आबादी लगभग 98 लाख है। बढ़ी हुई लाइन क्षमता से आवागमन में उल्लेखनीय सुधार होगा, जिसके परिणामस्वरूप भारतीय रेलवे की परिचालन दक्षता और सेवा विश्वसनीयता में वृद्धि होगी। ये मल्टी-ट्रैकिंग प्रस्ताव परिचालन को सुव्यवस्थित करने और भीड़भाड़ को कम करने में सहायक होंगे। ये परियोजनाएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नए भारत के विजन के अनुरूप हैं, जिनका उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को व्यापक विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना है, जिससे उनके रोजगार/स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

Name Change

I, ZULFIKAR holder of Indian Passport No: N9132144 issued at DUBAI on 16/04/2016 and Permanent Resident of FAKRI MANZIL MOCHI GALI GABURJI KI GALI WARD NO.015 PRATAPGARH RAJASTHAN 312605 and presently residing at RAK UAE do hereby change my name from ZULFIKAR to ZULFIKAR ALOTWALA with immediate effect.

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

मण्डल रेल प्रबन्धक (टीआरडी एवं जीएसयू), उत्तर पश्चिम रेलवे, अजमेर द्वारा, भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे दिये गये कार्यों के लिये दी गई तिथि को 15:00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **(1) निविदा संख्या:** मं.रे.प्र.-टीआरडी-31-2025-26 **कार्य का नाम:** All TRD: work in connection with provision of number plates on drop arms (DA) of yard portals over Ajmer Division. **अनुमानित लागत:** ₹73,80,450.00/- **बयाना राशि:** ₹1,47,600/- **ई-निविदाएं बंद होने की तिथि व समय:** 16.03.2026 को 15:00 बजे **ई-निविदाएं बंद होने की तिथि व समय:** 16.03.2026 को 15:00 बजे. **ई-निविदाएं खोलने की तिथि व समय:** 16.03.2026 को 15:30 बजे. उपरोक्त ई-निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाइट का पता: www.ireps.gov.in 277-DK/26

हमें /NWRailways @NWRailways_ पर फॉलो करें

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

सं. एसएण्डटी-जेयू-40-2025-26

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उनके लिए मंडल रेल प्रबन्धक/सं.व.दू., उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर द्वारा निम्नलिखित सिग्नलिंग एवं टेलीकॉम सम्बन्धी कार्य हेतु मुहरबंद ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। **(1) कार्य का नाम:** जोधपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों/लेवल क्रॉसिंग (एलसी) गेटों पर वर्ष 2004 वर्जन के आईपीएस के प्रतिस्थापन से संबंधित एस एंड टी कार्य। **(2) कार्य की अनुमानित लागत:** ₹1,07,26,849/- (RO) **(3) ई-निविदा जमाकर्ता कार्यालय का पूर्ण पता:** वरि.मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजी. मंडल रेल प्रबन्धक कार्यालय हरीश जोशी मार्ग, जोधपुर **(4) बयाना राशि (Bid Security):** ₹ 2,03,600/- **(5) ई-निविदा प्रपत्र जमा कराने एवं खुलने की तारीख व समय:** 18.03.2026 को 15.00 बजे तक तथा ई टेंडर ऑनलाइन आईआरईपीएस 15.00 बजे बंद होने के तुरन्त बाद खोली जायेगी। **(6) वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड व कार्यालय जहाँ से निविदा का विवरण देखा जा सके एवं खरीद की जा सके: www.ireps.gov.in. नोट:** यह एक ई-टेण्डर हैं इसलिए इसमें भाग लेने के लिए ठेकेदार ई-टेण्डरिंग के द्वारा उल्लेखित वेबसाइट पर टेण्डर डाले। 278-DK/26

हमें /NWRailways @NWRailways_ पर फॉलो करें

नगर निगम ने 24 हजार 500 रुपये का किया कैरिंग चार्ज वसूल, 4 केन्टर सामान जब्त किया

जयपुर (का.सं.)। नगर निगम जयपुर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देशानुसार एवं पूर्व से प्राप्त शिकायतों पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में मंगलवार को सतर्कता शाखा की द्वारा नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में नेहरू गार्डन, दुर्गापुरा पुलिया के नीचे, महल रोड़ कैपिटल मॉल के सामने, डब्ल्युटीपी के पास नाला वाली कॉलोनी, अल्का सिनेमा के सामने, परशुराम सर्किल एवं मेडिकल सेन्टर से पेट्रोल पम्प तक कालवाड़ रोड से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध 24 हजार 500 रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर 4 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता ने बताया कि नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में नेहरू गार्डन, दुर्गापुरा पुलिया के नीचे, महल रोड़ कैपिटल मॉल के सामने, डब्ल्युटीपी के पास नाला वाली कॉलोनी, अल्का सिनेमा के सामने, परशुराम सर्किल एवं मेडिकल सेन्टर से पेट्रोल पम्प तक कालवाड़ रोड से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्रवाई के दौरान 4 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 24 हजार 500 रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाइश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

स्वच्छता जनजागरूकता अभियान चलाया

जयपुर (का.सं.)। नगर निगम जयपुर टीम एवं जय मां सरस्वती विद्या पीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा

सिविल लाइन जोन, वार्ड नं. 44 (शांति नगर, ब्लॉक 4) में कचरा पृथक्करण हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया। रहवासियों को गीला व सूखा कचरा अलग-अलग रखने, घर पर दो डस्टबिन का उपयोग करने तथा कचरा निगम के अधिकृत वाहन में देने के लिए प्रेरित किया गया। प्लास्टिक का उपयोग कम करने और कपड़े के थैले अपनाने की अपील की गई। साथ ही सेनेटरी एवं घरेलू हानिकारक कचरे के सुरक्षित निस्तारण की जानकारी दी गई और सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

नई दिल्ली एआई इम्पैक्ट घोषणापत्र में और देश शामिल

नई दिल्ली (एजेंसी)। 18-19 फरवरी को नई दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट 2026 का समापन एआई इम्पैक्ट पर नई दिल्ली घोषणापत्र को अपनाने के साथ हुआ, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर वैश्विक सहयोग में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। 21 फरवरी, 2026 तक, 88 देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने इस घोषणापत्र का समर्थन किया था। तब से, 3 और देश - बांग्लादेश, कोस्टा रिका और ग्वाटेमाला- इस घोषणापत्र में शामिल हो गए हैं, जिससे हस्ताक्षरकर्ताओं की कुल संख्या 91 देशों और संगठनों तक पहुंच गई है। तदनुसार, इस विषय पर दिनांक 21 फरवरी की प्रेस विज्ञप्ति को 3 नए हस्ताक्षरकर्ताओं को शामिल करके अद्यतन किया जाता है।

उदयपुर सिटी-पाटलीपुत्र रेलसेवा मार्ग परिवर्तित रहेगी

जयपुर (का.सं.)। उत्तर रेलवे द्वारा लखनऊ मण्डल पर व्यास नगर-काषी स्टेशनों के मध्य ऑटोमैटिक सिगनलिंग कार्य हेतु ब्लॉक लिया जा रहा है। इस कार्य के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार उपरोक्त कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित गाडी संख्या 19669, उदयपुर सिटी-पाटलीपुत्र रेलसेवा जो दिनांक 25.02.26 को उदयपुर सिटी से प्रस्थान करेगी वह परिवर्तित मार्ग वाया कानपुर सेंट्रल-प्रयागराज-चुनार-पं. दीनदयाल उपाध्याय होकर संचालित होगी।

राज्यपाल से लैक्रोज खेल के खिलाड़ियों ने मुलाकात की

भारत को इस खेल में ओलंपिक पदक के लिए खिलाड़ी अभी से करे तैयारी : बागडे

जयपुर (का.सं.)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि लैक्रोज खेल को राज्य खेल में सम्मिलित किए जाने और जनजातीय विभाग के अंतर्गत इस खेल प्रोत्साहन के लिए विशेष प्रावधान के हर संभव प्रयास किए जाएंगे। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को प्रस्ताव बनाकर भेजे जाने और त्वरित कार्यवाही किए जाने के भी निर्देश दिए हैं।

राज्यपाल से मंगलवार को लोकभवन में लैक्रोज खेल के खिलाड़ियों ने मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल द्वारा अपने विवेकाधीन कोटे से लैक्रोज खेल प्रोत्साहन के अंतर्गत दिये जा रहे सहयोग के प्रति आभार जताया और इस खेल में भारत के उत्कृष्ट प्रदर्शन के बारे में अवगत कराया।

राज्यपाल बागडे ने लैक्रोज खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें ओलंपिक 2028 में भारत के लिए इस खेल में स्वर्ण पदक प्राप्त करने के लिए हौसलाअफजाही की। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी खेल के साथ साथ पढ़ाई को भी प्राथमिकता दें। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को खेलते समय जीत के लक्ष्य को केंद्र में रखने, चपलता के अंतर्गत निरंतर अभ्यास करने और एकाग्र होकर खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आह्वान किया। उन्होंने ओलंपिक से पहले अप्रैल में चीन में होने वाले खेलों में भी अच्छे प्रदर्शन और देश को गौरवान्वित किए जाने हेतु खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव कुंजीलाल मीणा, राज्यपाल के सचिव डॉ. पृथ्वी, खेल संघ अध्यक्ष अशोक परनामी, प्रज्ञा केवलरमानी भी उपस्थित रहे। राज्यपाल ने पूर्व में खिलाड़ियों द्वारा इस खेल में राष्ट्रीय स्तर पर किए जा रहे बेहतर प्रदर्शन, राजस्थान की टीम को राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल लाने की सराहना भी की।

MANAPPURAM FINANCE LTD.

CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16.03.2026 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :
जयपुर, वैशाली नगर जयपुर, 111120730038254,

ऊपर बताई गई नीलामी में हिस्सा लेने के इच्छुक व्यक्तियों को नीचे दी गई बातों का पालन करना होगा: इच्छुक बोली लगाने वालों को नीलामी के दिन ही एनईएफटी/आरटीजीएस के ज़रिए 10,000/- रुपये ईएमडी (जो बोली हारने वालों को वापस कर दिया जाएगा) जमा करना होगा। बोली लगाने वालों के पास वैध आईडी कार्ड/पैन कार्ड होना चाहिए। ज़्यादा जानकारी के लिए कृपया 9072607147 पर संपर्क करें।

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु

मोबाइल वेटरनरी यूनिट योजना के तहत प्रदेश के 61 लाख पशुओं का नि:शुल्क इलाज

जयपुर (का.सं.)। पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार द्वारा मोबाइल वेटरनरी यूनिट योजना के माध्यम से पशुपालकों को घर बैठे पशुओं के लिए नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि 24 फरवरी, 2024 से प्रारंभ इस योजना के तहत 15 फरवरी, 2026 तक मोबाइल वेटरनरी यूनिट द्वारा ऑन-कॉल सेवाओं एवं शिविरों के माध्यम से 15 लाख 99 हजार 840 पशुपालकों के कुल 61 लाख 30 हजार 856 पशुओं का नि:शुल्क उपचार किया गया है। उन्होंने बताया कि चूरू जिले में 35 हजार 466 पशुपालकों के 1 लाख 23 हजार 374 पशुओं का उपचार किया गया, जबकि चूरू विधानसभा क्षेत्र में 7 हजार 666 पशुपालकों के 36 हजार 549 पशुओं का नि:शुल्क इलाज किया गया। उन्होंने बताया कि योजना प्रारंभ होने (24 फरवरी, 2024) के समय विभाग का कॉल सेंटर शुरू नहीं हो पाने के कारण विभाग द्वारा गांव-गांव में शिविर आयोजित कर पशुपालकों को लाभान्वित किया गया। इन शिविरों में इलाज किये गए पशुओं की संख्या भी इन आंकड़ों में शामिल है। उन्होंने बताया कि 9 अक्टूबर, 2024 को विभाग का कॉल सेंटर प्रारंभ किया गया तथा 31 दिसंबर, 2024 से यूनिट द्वारा पशुओं का ऑन-कॉल नि:शुल्क उपचार नियमित रूप से प्रदान किया जा रहा है।

होली पर्व पर यात्रियों की सुविधा हेतु जोधपुर-मऊ-जोधपुर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का संचालन

जयपुर (का.सं.)। रेलवे द्वारा होली पर्व पर अतिरिक्त यातायात को देखते हुए यात्रियो की सुविधा हेतु जोधपुर-मऊ-जोधपुर स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 04823, जोधपुर-मऊ साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 01.03.26 से 29.03.26 तक (05 ट्रिप) जोधपुर से प्रत्येक रविवार को 17.00 बजे रवाना होकर जयपुर स्टेशन पर 23.00 बजे आगमन व 23.10 बजे प्रस्थान कर सोमवार को 23.20 बजे मऊ पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 04824, मऊ-जोधपुर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 03.03.26 से 31.03.26 तक (05 ट्रिप) मऊ से प्रत्येक मंगलवार को 04.00 बजे रवाना होकर बुधवार को जयपुर स्टेशन पर 02.15 बजे आगमन व 02.25 बजे प्रस्थान कर 08.40 बजे जोधपुर पहुँचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में पिपाड रोड, गोटन, मेडता रोड, रेन, डेगाना, मकराना, कुचामन सिटी, नावां सिटी, फुलेरा, जयपुर, बांदीकुई, मंडावर महवा रोड, खेडली, नदबई, भरतपुर, मथुरा, हाथरस सिटी, कासगंज, फरूखाबाद, कन्नौज, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, अयोध्या धाम, शाहगंज, खोरासनरोड, आजमगढ व मुहम्मदाबाद स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 02 सैकण्ड एसी, 04 थर्ड एसी, 08 द्वितीय शयनयान, 04 साधारण श्रेणी व 02 गार्ड डिब्बो सहित 20 डिब्बे होगे।

'राजस्थान राज्य महिला नीति-2021' पर व्याख्यान आयोजित

जयपुर (का.सं.)। राजकीय महाविद्यालय, बनीपार्क जयपुर में राजस्थान राज्य महिला नीति-2021 के प्रावधानों के अंतर्गत ग्रामीण परिवेश की बालिकाओं के सशक्तिकरण एवं उनके उज्ज्वल भविष्य विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को महिला नीति के विभिन्न प्रावधानों तथा उनसे प्राप्त होने वाले अवसरों की जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना से की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. कंचन सोनी ने की।

उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाएं ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं के लिए शिक्षा, आत्मनिर्भरता एवं रोजगार के नए द्वार खोल रही हैं। उन्होंने छात्राओं को महिला नीति के माध्यम से उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। व्याख्यान के दौरान वक्ताओं ने ग्रामीण परिवेश में उच्च शिक्षा एवं रोजगार के बढ़ते अवसरों पर प्रकाश डाला तथा छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन संकाय सदस्य गुरविंदर सिंह द्वारा प्रस्तुत किया गया।

रेवाडी-सीकर-रेवाडी, प्रतिदिन रेलसेवा का ढेहर का बालाजी स्टेशन तक विस्तार

जयपुर (का.सं.)। रेलवे द्वारा खाटूश्याम जी मेले के अवसर पर यात्रियों की सुविधा हेतु रेवाडी-सीकर-रेवाडी प्रतिदिन रेलसेवा का ढेहर का बालाजी स्टेशन तक विस्तार किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या गाडी संख्या 54804, रेवाडी-ढेहर का बालाजी रेलसेवा दिनांक 24.02.26 से 28.02.26 तक (05 ट्रिप) रेवाडी से प्रतिदिन 15.10 बजे रवाना होकर सीकर स्टेशन पर 20.50 बजे आगमन व 21.00 बजे प्रस्थान कर 23.05 बजे ढेहर का बालाजी पहुँचेगी।

पावरग्रिड POWERGRID

सूचना

1. विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 79 (1) (डी) के साथ पठित धारा 62 के अंतर्गत और केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (टैरिफ के नियम एवं शर्तें) रेग्यूलेशन्स, 2024 के साथ पठित केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (व्यवसाय का आचरण) रेग्यूलेशन्स, 2023 के रेग्यूलेशन 15 (1) (ए) तथा रेग्यूलेशन 23 के अंतर्गत सीईआरसी (व्यवसाय का आचरण) रेग्यूलेशन्स, 1999 के रेग्यूलेशन-86 एवं सीईआरसी (टैरिफ के नियम व शर्तें) रेग्यूलेशन्स, 2024 के अंतर्गत निम्नलिखित हेतु स्वीकृति **''श्रीनगर-लेह पारेषण प्रणाली हेतु पारेषण प्रणाली सुदृढ़ीकरण''** के अंतर्गत **परिसम्पत्ति-1 - एलस्टेंग सब-स्टेशन (जेकेपीटीसीएल) पर संबद्ध बे सहित 1 अदद 25 एमवीएआर, 220 केवी बस रिएक्टर तथा परिसम्पत्ति-2 - एलस्टेंग-द्रास 220 केवी खंड के मीनामर्ग एवं जोजिला टॉप खंड के मध्य केबल (800 वर्ग मिमी एक्सएलपीई पावर केबल) बिछाना और द्रास (जीआईएस) सब स्टेशन पर संबद्ध बेज सहित 02 अदद 220 केवी, 25 एमवीएआर बस रिएक्टर्स** के लिए 2024-29 टैरिफ ब्लॉक हेतु पारेषण टैरिफ का निर्धारण।

2. उपरोक्त पारेषण प्रणाली के लाभार्थी हैं : (ए) अजमेर विद्युत वितरण निगम लि. (बी) जयपुर विद्युत वितरण निगम लि. (सी) जोधपुर विद्युत वितरण निगम लि. (डी) पंजाब स्टेट इलेक्ट्रिसिटी कार्पोरेशन लिमिटेड (ई) हरियाणा पावर परचेज सेंटर (एफ) जम्मू एवं कश्मीर पावर कार्पोरेशन लि. (जी) उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन लि. (एच) बीएसईएस यमुना पावर लि. (आई) बीएसईएस राजधानी पावर लि. (जे) टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रिब्यूशन लि. (के) चंडीगढ़ विद्युत विभाग (एल) उत्तरांचल पावर कार्पोरेशन लि. (एम) नॉर्थ सेंट्रल रेलवे (एन) नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् (ओ) हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड (पी) सेंट्रल ट्रांसमिशन यूटिलिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सीटीयूआईएल)।

3. टैरिफ विवरण :

ए) 2024-29 ब्लॉक — रु. लाख में

परिसंपत्ति विवरण	31.03.2029 को पूर्णता लागत		2024-25	2025-26	2026-27	2027-28	2028-29
परिसंपत्ति-1	1378.33	एएफसी दावाकृत	6.99	199.80	226.25	234.90	232.01
परिसंपत्ति-2	28054.99		0.00	1063.54	3400.90	3890.94	4020.45

4. इस सूचना और टैरिफ के निर्धारण के लिए बनाए गए आवेदन की एक प्रति आवेदक की वेबसाइट www.powergrid.in पर डाल दी गई है।

5. आवेदन में दिए गए टैरिफ के निर्धारण के प्रस्ताव पर लाभार्थी सहित कोई भी व्यक्ति अपने सुझाव और आपत्तियाँ, यदि कोई हैं, इस सूचना के प्रकाशित होने के 30 दिन के अन्दर सचिव, केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग, छठा, सातवां एवं आठवां तल, टावर बी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली-110029 (या अन्य किसी पते पर, जहाँ आयोग का कार्यालय हो) के पास भेज सकता है। साथ ही उसे आवेदक के निगम कार्यालय के पते पर भी एक प्रति भेजनी होगी।

स्थान : गुड़गाँव — हस्ता./-
तिथि : 18.02.2026 — **महाप्रबन्धक (वाणिज्यिक)**

पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
कॉरपोरेट कार्यालय: ''सौदामिनी'', प्लाट सं. 2, सेक्टर-29, गुरुग्राम-122001 (हरियाणा) फोन: 0124-2571700-719
पंजीकृत कार्यालय: बी-9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110016 फोन: 011-26560112, 26560121
www.powergrid.in, सीआईएन : L40101DL1989GOI038121
एक महारत्न पीएसयू

PG/CC/Notice-90/Advt-110/2025-26 airads

जोलो लेबल पिंक वुमनिया कार रैली में होगा महिला सशक्तिकरण और रोमांच का संगम

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 100 से अधिक सजी-धजी कारों में सवार महिलाएं देंगी उत्तम स्वास्थ्य का संदेश

जयपुर (का.सं.)। महिलाओं में आत्मविश्वास, साहस और ड्राइविंग कौशल को प्रोत्साहित करने एवं महिला स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से पिंकसिटी में जोलो लेबल पिंक वुमनिया फन कार रैली का आयोजन किया जा रहा है। इस रोमांचक रैली में शहर की करीब 500 महिलाएं भाग लेंगी और उत्साह के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। गुलाबी नगरी की एलीट महिलाओं के ग्रुप पिंक वुमनिया क्लब की ओर से यह कार रैली रविवार 1 मार्च 2026 को सुबह 7 बजे मानसरोवर स्थित सिटी पार्क से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए ग्लोबल

हैल्थ एंड वैलनेस फेस्टिवल बिरला ऑडिटोरियम पहुंचकर संपन्न होगी।

मंगलवार को सी-स्कीम स्थित जय क्लब में कार रैली की ट्रॉफी और पोस्टर का विमोचन पिंक वुमनिया क्लब की फाउंडर कनु मेहता, डायरेक्टर संकुल मेहता, जोलो लेबल के फाउंडर रघुनंदन रावत, नारायणा हॉस्पिटल से बलविंदर सिंह वालिया, जस्ट हेल्थ एंड वैलनेस से हिम्मत सिंह, प्रियंका हॉस्पिटल से डॉ. आशा शर्मा, सिजलिंग सैलून से डॉ. प्रिया, बब्बर हैंडीक्राफ्ट से महेश बब्बर, आईना मेकओवर से आईना, शुभ वेडिंग से राजन कायस्थ, लॉयंस क्लब से बसंत जिलेवा, जय क्लब के प्रेसिडेंट डॉ. हरिओम बंब व सेक्रेट्री संजय भंसाली ने किया।

पिंक वुमनिया क्लब की फाउंडर कनु मेहता ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी जोलो लेबल पिंक वुमनिया कार रैली के प्रति महिलाओं में अपार उत्साह है। इसमें शामिल होने के लिए 100 से अधिक कारों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है और रैली में करीब 500 महिलाएं शामिल होंगी। रैली में प्रतिभागियों को निर्धारित मार्ग का पालन करते हुए विभिन्न टास्क और एक्टिविटीज़ पूरी करनी होंगी। यह आयोजन केवल प्रतिस्पर्धा ही नहीं, बल्कि डांस, म्यूजिक सहित मनोरंजन और उत्तम महिला स्वास्थ्य के सामाजिक संदेशों को भी बढ़ावा देगा। भारतीय पर्यटन व संस्कृति को प्रोत्साहित करते हुए निकाली जाने वाली इस रैली में इनक्रेडिबल इण्डिया भी सहयोगी है।

पिंक वुमनिया क्लब के डायरेक्टर संकुल मेहता के अनुसार रैली का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना, सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना तथा समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना है। इस अवसर पर फूलों की होली, ग्रुप डांस सरीखी कई एंटरटेनमेंट एक्टिविटीज भी होंगी। आयोजन स्थल पर सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था के विशेष प्रबंध किए गए हैं।

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank — **शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर, तीसरी मंजिल न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली- 110005

निम्नलिखित उधारकर्ता(ओं) ने आईसीआईसीआई बैंक से प्राप्त ऋण सुविधा(ओं) के लिए मूलधन और ब्याज की अदायगी में चूक की है। ऋण को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति(ओं) (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया गया है।
वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत उन्हें उनके अंतिम ज्ञात पते पर नोटिस जारी किया गया था। हालांकि, इसकी तामील नहीं हुई है और इसलिए उन्हें इस सार्वजनिक नोटिस के माध्यम से अधिसूचित किया जा रहा है।

क्र. सं.	कर्जदार/सह-उधारकर्ता/ जमानतदार का नाम (ऋण खाता संख्या) और पता	लागू की जाने वाली सुरक्षित संपत्ति का विवरण	प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना के तिथि तक बकाया राशि	एनपीए तिथि
1.	मेसर्स कृष्ण बिहारी ट्रेडिंग कंपनी, होत चंद उर्फ होते चंद, नितिन तुलस्यानी, नीता तुलस्यानी,होत चंद मालिक होत चंद द्वारा प्रतिनिधित्व खाता संख्या-675705500775, बी-6, सूरजपोल मंडी, जयपुर, राजस्थान जयपुर- 302004	व्यावसायिक संपत्ति, दुकान संख्या-06, ब्लॉक संख्या- ख, आकार 30'×100', माप क्षेत्र 278.81 वर्ग मीटर, पट्टा विलेख दिनांक 09/06/2016 और पंजीकृत दिनांक 15/06/2016, कृषि उपज अनाज मंडी सूरजपोल (मुख्य मंडी यार्ड), जयपुर, राजस्थान- 302004 में स्थित। माप क्षेत्र 278.81 वर्ग मीटर, उत्तर: दुकान संख्या ख-5, दक्षिण: दुकान संख्या ख-7, पूर्व: सड़क, पश्चिम: सड़क	23-01-2026 रु. 2,14,37,574.45/-	22-12-2025

नोटिस की प्रतिस्थापित तामील के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। उपर्युक्त उधारकर्ताओं और/अथवा उनके गारंटीकर्ताओं (जो लागू हो) को सूचित किया जाता है कि वे इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों की अवधि के भीतर बकाया राशि का भुगतान कर दें अन्यथा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के उपबंधों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

दिनांक: 25 फरवरी, 2026 — सादर प्राधिकृत अधिकारी,
स्थान: जयपुर — आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए